# 6. लिंग

लिंग द्वारा किसी वस्तु या प्राणी के पुरुष या स्त्री जाति के होने का पता चलता है। सजीव या निर्जीव सभी वस्तुओं का एक लिंग निर्धारित होता है।

- ❖ अध्यापक/अध्यापिका वाक्य प्रयोग द्वारा बच्चों को लिंग से अवगत करवाएँ।
- ❖ समझाएँ, जिन शब्दों से पुरुष या स्त्री जाति का बोध होता है, वह लिंग शब्द कहलाता है।
- ❖ पुल्लिग तथा स्त्रीलिंग के बारे में समझाएँ।
- ❖ शिक्षक/शिक्षिका पुल्लिग तथा स्त्रीलिंग शब्द बोलें तथा बच्चों से पूछें कि वे शब्द पुल्लिग हैं अथवा स्त्रीलिंग।
- ❖ लिंग भेद की परिभाषा याद करवाएँ।
- ❖ पाठ पृष्ठ 34 पर दिए पुल्लिग-स्त्रीलिंग शब्दों को बच्चों से पढ़वाएँ। कक्षा का कोई लड़का पुल्लिग शब्द बोले और कोई लड़की स्त्रीलिंग शब्दों का उच्चारण करे।
- ❖ सुनिश्चित करें कि बच्चे पाठ में रुचि ले रहे हैं।
- ❖ पाठ अभ्यास करवाने में यथोचित योगदान करें।